






नवभारत
इंदौर, शनिवार, 6 जून 2026



# बिना परमिशन के संचालित होटल-गार्डन को नपा ने जारी किए नोटिस

## नवभारत की खबर का असर, सात दिन में देना होगा जवाब

**शाजापुर, 5 जून. शाजापुर शहर में लगभग एक दर्जन से अधिक होटल और गार्डन बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं. दिल्ली की होटल में आग लगने की घटना के बाद शाजापुर शहर के होटलों की जानकारी जब नवभारत ने ली, तो चौंकाने वाली यह निकली कि शहर के किसी भी होटल के पास होटल संचालन का न लाइसेंस है और न ही फायर एनओसी है. ऐसे में कोई घटना, दुर्घटना हो जाए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार. नवभारत की खबर के बाद नगरपालिका ने शहर के सभी होटल, गार्डन संचालकों को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है.**

गौरतलब है कि शाजापुर शहर में अधिकांश होटल और गार्डन बिना ट्रेड लाइसेंस और फायर एनओसी के संचालित हो रहे हैं. कई होटलों में तो आकस्मिक निकास द्वारा तक की व्यवस्था नहीं है. इस मामले को ***नवभारत*** ने प्रमुखता से उठाया था, जिस पर शाजापुर नगर पालिका ने पत्र क्रमांक 1638 के द्वारा शहर के होटल एवं गार्डन से भवन निर्माण अनुमति, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस और 26-27 के सम्पत्तिकर की रसीद मांगी गई है. सात दिन के अंदर यदि संबंधित दस्तावेज नगरीय निकाय में प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 एवं अन्य प्रचलित नियमों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी.

### किसी भी होटल-गार्डन के पास नहीं है वैधानिक अनुमति

व्यवसायिक अनुमति लेकर लक्जरी होटल चलाने वाले शहर के किसी भी होटल संचालक के पास न तो ट्रेड लाइसेंस है और न ही फायर एनओसी है. यही हाल मैरिज गार्डन का है. मैरिज गार्डन में फायर एनओसी न होना किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है, क्योंकि यहां एलपीजी का उपयोग शादी-ब्याह एवं अन्य आयोजनों में किया जाता है. यदि किसी भी गार्डन में दुर्घटना हो गई, तो बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता है.

**इनका कहना है**

*शहर के सभी होटल, मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं. सात दिन के अंदर यदि समस्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी.*

*- भूपेंद्र कुमार दीक्षित, सीएमओ-शाजापुर*



अवैध रूप से संचालित हो रहे शाजापुर के होटल और गार्डन

दिल्ली जैसी घटना यदि शाजापुर में हो, तो कौन जिम्मेदार, नगर पालिका से एक भी होटल की अनुमति नहीं

बिना अनुमति संचालित हो रहे आलीशान होटल

फायर एनओसी तो ठीक नपा के पास होटल-गार्डन की जानकारी तक नहीं

नोटिस के नाम पर होता है खेल, ठोस कार्यवाही आज तक नहीं हुई

इनका कहना है

- भूपेंद्र कुमार दीक्षित, सीएमओ-शाजापुर

ट्रेड लाइसेंस के बिना अवैध रूप से संचालित होटल-गार्डन...

- सुदर्शन होटल
- राजश्री होटल
- शरणम होटल
- निलेश होटल
- जायसवाल गार्डन
- मल्हार गार्डन
- अमन गार्डन
- गौरी गार्डन
- पटेल गार्डन
- कमला सागर गार्डन
- दुर्गा गार्डन
- तोरण गार्डन
- राधा गार्डन
- शगुन गार्डन
- अपना गार्डन

## एक नजर में

### पौधारोपण और दैनिक जरूरतों को सीमित करने से सुधरेगा पर्यावरण



**शाजापुर, 5 जून.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई इको क्लब और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण और स्वच्छता श्रमदान किया गया. महाविद्यालय परिसर में अर्जुन, जामुन, नीम, कोनोकार्पस, आम के पौधे रोपित किए गए. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण करने से ही अपना का काम पूरा नहीं होता है अपितु उस पौधे को सींचना भी जरूरी है. कार्यक्रम के संयोजक और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने कहा कि पौधारोपण व अपनी दैनिक जरूरतों को सीमित करने से ही पर्यावरण सुधरेगा. इको क्लब प्रभारी डॉ.आरसी चौहान ने बताया कि यह अभियान पर्यावरण दिवस से योग दिवस तक सतत जारी रहेगा. इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित होगी. पौधारोपण के पश्चात महाविद्यालय परिसर में सभी ने प्लास्टिक पोलिथिन बीनकर स्वच्छता श्रमदान किया. कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी डॉ. वीपी मीणा, डॉ.अनिता यादव, डॉ.अरूण कुमार बोडाने, डॉ.बीके सोलंकी, डॉ.बीएल मालवीय, डॉ. डीआर राठौर, प्रो.अभिषेक पाटीदार, प्रो.प्रिया जोशी, प्रो.ज्योति मंडलोई, प्रो.प्रतिका परमार, डा.दिलीप माहेश्वरी, डॉ.शिवराजसिंह राठौर, डा.उपाध्याय आदि उपस्थित रहें.

### घर या सोसायटी, हर साल एक पौधा अवश्य लगाएं



**शाजापुर, 5 जून.** ग्राम पतोली में कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर एवं किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग शाजापुर के संयुक्त भागीदारी में विश्व पर्यावरण दिवस एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड, विजय गामी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के साथ ग्राम पतोली के सरपंच दिलीप सिंह उपस्थित थे. डॉ. धाकड ने पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु विभिन्न तकनीक संबंधित जानकारी दी, जिसमें बताया गया कि अपने घर या सोसायटी में हर साल एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करके उसे पूर्ण वृक्ष बनाए ताकि वह विषेली गैसों सोखने में मदद कर सके. डिस्पोजेबल वस्तुएं जैसे प्लास्टिक ग्लास, पानी की बोटल और प्लेट से परहेज करें. फसलों के अवशेष न जलाएं, इससे जमीन के अंदर रहने वाले जीव मर जाते हैं और वायु प्रदूषण भी बढता है. साथ ही उन्होंने किसानों को खरीफ पूर्व उन्नत कृषि तकनीक की तकनीकों की जानकारी दी.

### सेवा पखवाड़े के तहत गौशाला में हुआ पौधारोपण



**मक्सी, 5 जून.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इसके अंतर्गत वृक्षारोपण चिकित्सा शिविर, स्वच्छता अभियान, योग कार्यक्रम सहित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम झोंकर स्थित गोपाल गौशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन गौशाला संचालक प्रमोद मेहता द्वारा किया गया. जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. कार्यक्रम में मक्सी मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या, मंडल मंत्री दयाराम मंडलोई, जिला कार्यक्रम प्रभारी दिलीप आरोल, मक्सी मंडल प्रभारी ओम इंद्रिया, मक्सी मंडल सह प्रभारी कृष्णा भावसार, मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता, मनोहर केलोदिया, राकेश चौधरी, अमित सोनी, मधुसूदन करनावदिया, उप सरपंच मुकेश पटेल, विष्णु डोंगरे सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे.

# नामांतरण के दम पर रईस बन गए शाजापुर के पीपी साहब...

पोलिटिकल इनसाइड
मनोज पुरोहित

**शाजापुर** नगर पालिका के गलियारों में इन दिनों एक नया और अनोखा राजनीतिक विज्ञान पढ़ाया जा रहा है. वैसे तो कागजों पर, कसमों में और चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में यहां भारतीय जनता पार्टी का शानदार और जानदार बोर्ड बैठा है, लेकिन कहते हैं न कि दिल बहलाने के लिए बोर्ड का ख्याल अच्छा है! जमीन पर तो सत्ता का स्वाद कोई और ही चख रहा है. नगर पालिका में राज भले ही भाजपा का हो, लेकिन जलवा विपक्ष की एक महिला कांग्रेस पार्षद के पतिदेव का है. इसे कहते हैं असली को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म, बोर्ड किसी का हो, होर्ड (दबदबा) हमारा ही रहेगा. सबसे बड़ी बात यह है कि सनातन का बोर्ड होने के बावजूद नामांतरण डंके की चोट पर कराने का दम भगवाधारी पार्षद नहीं अल्पसंख्यक पार्षद पति भर रहे हैं. नगर पालिका के दफ्तर में जब ये भाई जान का प्रवेश पीआईसी मीटिंग के कुछ दिन पहले होता है, तो नामांतरण की फाइलें खुद-ब-खुद सीधे खड़े होकर सैल्यूट मारने लगती हैं. मजाल है कि किसी का नामांतरण रुक जाए या किसी का कंस्ट्रक्शन परमिशन अटक जाए. भाई जान सीना तानकर, डंके की चोट पर कहते हैं काम तो हम ही करवाएंगे और करवा भी रहे हैं. भाजपा के पार्षद बेचारे चाय की चुस्कियां लेते हुए सोचते रह जाते हैं कि सत्ता में हम हैं या ये. पर भाई जान के रसूख के आगे सब नतमस्तक हैं. इसे कहते हैं विपक्ष का रचनात्मक सहयोग. जहां विपक्ष इतना रचनात्मक हो गया है कि सत्ता पक्ष मूकदर्शक बनकर तालियां बजा रहा है. नामांतरण का नाम सुनते ही जनता सीधे भाई जान के दरबार में हाजिरी लगाती है, क्योंकि सबको पता है कि नगर पालिका की चाबी भले ही तिजोरी में हो, पर ताला खोलने का हुनर इन्हीं के पास है. अब जरा उस लोकतंत्र की भी आरती उतार ली जाए, जिसके दम पर यह सब हो रहा है. वार्ड की जनता ने जिसे चुनकर माननीय पार्षद बनाया था, वे महिला महोदया इस समय अपने घर के मोर्चे पर डटी हुई हैं. वहां लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण काम चल रहा है चौका-चूल्हा और बेलन संभालना. महिला सशक्तिकरण का इससे खूबसूरत उदाहरण और क्या होगा कि पत्नी के नाम का रबर स्टैंप जेब में रखकर पतिदेव पूरे शहर में पॉवर ऑफ अटॉर्नी का लाइव प्रदर्शन कर रहे हैं. महिला सिर्फ चुनाव लड़ने और फॉर्म पर दस्तखत करने के लिए आरक्षित थी. पीपी याने पार्षद पति नामांतरण कराने में इतने रईस हो गए हैं कि उनका ध्यान कमीशन पर कम और नामांतरण की फाइल पर ज्यादा रहता है. नामांतरण के कारण उन्होंने आर्थिकता में भी अपने नाम का अनुसरण कर लिया है. पीआईसी की बैठक के पहले ही भाई जान द्वारा भेजे गए नाम ओके हो जाते हैं. ऐसा नहीं है कि भाई जान हर नामांतरण का ईमानदारी से भुगतान भी करते हैं. यही कारण है कि इन दिनों भाई जान के घर पर नामांतरण और भवन अनुमति के लिए नपा से ज्यादा भीड़ लगी हुई है.

**जो काम किसी से नहीं होता, वो भाई जान करा देते हैं...**

भाजपा की नगर पालिका में भाजपा के पार्षद चाय की चुस्की में मस्त हैं, तो वहीं कांग्रेस के भाईजान पार्षद पति डंके की चोट पर हर वो काम करा देते हैं, जो भाजपा के पार्षद नहीं करा पाते हैं. भाई जान की इस योग्यता को देखते हुए नगरपालिका के काम कराने वालों की सूची और भीड़ भाई जान के घर के बाहर उमड़ रही है. अब भाई जान ने ऐसा कौन सा मंत्र पढ़ा कि भाजपा की नगर पालिका कांग्रेस के इन भाई जान का काम सर्वोच्च प्राथमिकता से कर रही है.

**मजबूत कांग्रेस हो रही और बदनाम भाजपा हो रही...**

नगर पालिका में भाई जान अपनी पार्टी को मजबूत कर रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा काम होने पर बदनाम भाजपा हो रही है. क्योंकि भाई जान काम कराकर जनता को राहत दे रहे हैं, लेकिन भाई जान काम के बदले दाम ले रहे हैं बोर्ड को खिलाने के लिए. तो जनता में सीधा संदेश जा रहा है कि भाई जान हमारा काम कर रहे हैं, लेकिन भाजपा के लोग काम के बदले पैसे ले रहे हैं.

**अंत में...**

लोकतंत्र रोता रहा घूंघट की ओट में बैठकर, और वो डंके की चोट पर मलाई खा गए...

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संगोष्ठी आयोजित

## जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का दिया संदेश

**मोहन बड़ोदिया, 5 जून. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला शाजापुर के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया में पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों में पर्यावरण के प्रति कर्तव्य भावना का विकास करना था.**



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमृत राज सिसोदिया ने की. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर उपस्थित रहे. कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था अध्यक्ष रामकिशन राजपूत द्वारा किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. अतिथियों के स्वागत उपरांत जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण, प्राचीन कुओं एवं बावड़ियों के जीर्णोद्धार, नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने तथा बावड़ी उत्सव मनाना है, एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया. उन्होंने अंकुर अभियान के तहत पौधारोपण कर उसकी जानकारी ऐप पर अपलोड करने तथा जन्मदिन एवं पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर वृक्षारोपण की प्रेरणादायक परंपरा विकसित करने की अपील की. अध्यक्षीय उद्बोधन में सीईओ अमृत राज सिसोदिया ने पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान में जनसहभागिता बढ़ाने, कपड़े एवं पेपर बैग के उपयोग को बढ़ावा देने, वृक्षारोपण के बाद पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता के माध्यम से स्वस्थ एवं स्वच्छ पर्यावरण निर्माण पर जोर दिया. नवांकुर संस्था अध्यक्ष रामकिशन राजपूत ने प्रस्फुटन समितियों एवं छात्र छात्राओं से अपने गांवों में एक पेड़ मां के नाम अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया. श्रीमती कामिनी शर्मा ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन, सोखता गड्ढों के निर्माण,एवं स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देने की अपील की. श्रीमती सोना राजपूत एवं अशोक कुमार बैरागी ने भी पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों को स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण निर्माण की शपथ दिलाई गई. तत्पश्चात जनपद पंचायत परिसर में वृक्षारोपण कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया. आभार प्रदर्शन जितेंद्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया.

### बाइकों की टक्कर में एक ही परिवार के 4 लोग घायल

**शाजापुर, 5 जून.** तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर शाजापुर के नेशनल हाईवे 52 पर एक हंसते खेलते परिवार के सफर को हादसे में तब्दील कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है. एक परिवार बाइक पर सवार होकर मक्सी से गुना की तरफ जा रहा था. जैसे ही वे बिजाना जोड़ के पास पहुंचा सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार चारों लोग छिटक कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान अमरसिंह पिता सुंदरलाल, कलाबाई पति अमरसिंह, आयुष पिता अमर सिंह, वीना पति लखन के रूप में हुई है.

# कांग्रेस की मंडलम एवं वार्ड कमेटियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**सोयतकलां, 5 जून. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी की मंडलम एवं वार्ड कमेटियों की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू दांगी पटेल के नेतृत्व मे आयोजित की.**

बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा वार्ड कमेटियों के गठन, सत्यापन एवं संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आगामी कार्यक्रमों को आयोजित करने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया. साथ ही कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया. इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रभारी राकेश पाटीदार, विधायक भैरों सिंह परिहार बापू विधानसभा प्रभारी रणछोड़ त्रिवेदी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कांग्रेस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे. बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को नई ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करता है. सभी कार्यकर्ताओं से संगठन सृजन अभियान को गति देने और कांग्रेस के विचारों को घर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया.

## एक नजर में — नगर पालिका में बरसों से जमे कर्मचारियों को हटाना जरूरी

# भ्रष्टाचार और आरोपों के बीच खो गया दीक्षित-जैन का प्रेम

**शाजापुर, 5 जून. शाजापुर नगर पालिका शुरू से ही सुर्खिया में रही है. पहले प्रेम में संतोष नहीं था और संतोष में भी प्रेम नहीं दिखता था. ये कहानी अभी भी दबी हुई चिंगारी जैसी है, लेकिन अब दीक्षित और जैन में भी प्रेम नहीं दिख रहा है. नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन ने सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित पर आरोप लगाया, सीएमओ ने अध्यक्ष के आरोप का जवाब तो नहीं दिया, लेकिन दोनों का यह शीत युद्ध पूरे शहर में चर्चा का विषय है. नगर पालिका अध्यक्ष का कहना है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोई काम नहीं कर रहे हैं और सीएमओ का कहना है कि किस काम को मैंने रोका है. अब देखना यह है कि शीत युद्ध का सीज फायर होता है या फिर बाबा का लिस्ट में नाम आता है.**

गौरतलब है कि शाजापुर नगर पालिका में जैन से कई पार्षदों का प्रेम नहीं रहा है. कुछ सभापति भी समय-समय पर नाराज रहते हैं. अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के संबंध बकरे और कसाई जैसे जगजाहिर है. लेकिन अब सीएमओ से अध्यक्ष की सड़क पर नाराजगी ने शहर की राजनीति में हलचल मचा दी है. नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन का कहना है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र कुमार दीक्षित कोई भी विकास कार्य नहीं कर रहे हैं. उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगरपालिका में ठेकेदार और सप्लायरों का राज है. तो वहीं सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित का कहना है कि एक भी ऐसा काम बता दें, जिसको मैंने रोका हो. हालांकि दोनों का ही कार्यकाल विदाई की बेला में है. अध्यक्ष 27 में पूर्व हो जाएंगे, तो सीएमओ भी 28 तक सरकारी नौकरी से विदा हो जाएंगे. दोनों का कार्यकाल कम है, लेकिन फिर भी प्रेम नहीं है.

### पुरानी अदावत अब बदल रही बगावत में...

नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन और नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित की अदावत नई नहीं है. जब अध्यक्ष प्रेम जैन 1994 में पार्षद थे, तब सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित थे और तब से ही दोनों के बीच अदावत का सिलसिला समय-समय पर देखने को मिलता रहा है. अब एक बार फिर दोनों आमने-सामने हैं. पुरानी अदावत अब बगावत में तब्दील होती जा रही है.

### नपा में अंगद के पैर के जैसे जमे कर्मचारियों को तत्काल हटाना चाहिए...

शाजापुर नगरपालिका में कई कर्मचारी तो बीते 30 साल से एक ही कुर्सी पर जमे हुए हैं. एक महिला इंजीनियर तो बीते दस साल से अधिक समय से शाजापुर नगर पालिका में पदस्थ हैं. जिनके पास सबसे महत्वपूर्ण शाखाएं हैं और भ्रष्टाचार में सबसे बड़ी भूमिका इन्हीं महिला इंजीनियर की समय-समय पर आती रही हैं. ठेकेदारों केइशारे पर ये महिला इंजीनियर बिना गुणवत्ता के घटिया निमाण का भुगतान करने से परहेज नहीं करती हैं.

### दोनों की लड़ाई कहीं वार्ड 9 का निर्माण तो नहीं

वार्ड नंबर 9 में 45 लाख का सड़क और नाला निर्माण का काम होना था. लेकिन तत्कालीन इंजीनियर द्वारा निरीक्षण करने पर 45 लाख के निर्माण को 12 लाख पर टेक दिया गया. हालांकि उक्त इंजीनियर का शाजापुर से तबादला हो गया, लेकिन उन्होंने नोटशीट पर इस बात का उल्लेख किया है कि वार्ड क्रमांक 9 में 5 से 6 लाख का ही काम है. 45 लाख का तो कतई नहीं है. हो सकता है इसी बात को लेकर अध्यक्ष और सीएमओ के बीच तू-तू, मैं-मैं का बीज पड़ा हो. वार्ड क्रमांक 9 में निर्माण कार्य के भुगतान की तैयारी है, जिसकी शिकायत कई उच्च अधिकारियों को की गई है. अब देखना है कि इंजीनियर नेहा जोशी वार्ड क्रमांक 9 के निर्माण कार्य का भुगतान तमाम नियमों को ताक पर रखकर करती हैं या कर चुकी हैं.

### बच्चों ने बनाई सैकड़ों सीड बॉल

**शुजालपुर, 5 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिर्ची बाजार में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम के तहत बच्चों द्वारा तैयार की गई सीड बॉल एकत्रित की गई तथा हरित वातावरण निर्माण के लिए बीजारोपण अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया. आयोजकों ने बताया कि कुछ समय पूर्व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वीणा गोयल एवं अंबर अग्रवाल के मार्गदर्शन में नि:शुल्क सीड बॉल वर्कशॉप आयोजित की गई थी. इसमें बच्चों को सीड बॉल बनाने और प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया था. विश्व पर्यावरण दिवस पर उन्हीं बच्चों द्वारा तैयार की गई सीड बॉल संग्रहित की गई. इस दौरान दिव्यांश मालवीय ने सर्वाधिक 400 सीड बॉल बनाकर विशेष उपलब्धि हासिल की. वहीं जिया सिलावट, रिया नाथ, वंशिका, ईशू रायकवार सहित अन्य बच्चों ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया. आयोजकों ने बताया कि इन सीड बॉल को थ्रो टू ग्रो अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर फेंका जाएगा, जिससे वर्षा ऋतु में बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले सकें और क्षेत्र में हरियाली बढ़े.